BSES

11 जून 2013

## प्रेस रिलीज

## पश्चिम दिल्ली में बिजली की स्थिति– उर्जा मंत्री के साथ बैठक

- **पश्चिम दिल्ली के दो वरिष्ठ विधायकों भी बैठक में शामिल हुए**
- **उत्तमनगर के दयालसर रोड के लिए अतिरिक्त पोल और मोबाइल ट्रांसफॉर्मर को स्टैंडबॉय में रखने की सुझाव**

दिल्ली के उर्जा मंत्री हारुन युसुफ के साथ आज एक बैठक हुई। इस बैठक में बिजली विभाग एंव बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा विधायक मुकेश शर्मा और जगदीश मुखी भी उपस्थित थे।

वेस्ट दिल्ली खासतौर पर उत्तमनगर में हो रही बिजली की समस्या पर गौर करते हुए इस इलाके में बिजली के हालात को बेहतर बनाने के लिए की जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई।

पश्चिमी दिल्ली खासतौर पर उत्त्मनगर इलाके में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कुछ बिंदुओ पर चर्चा कर सहमति बनाई गई। ये बिंदु निम्नवत् है।

- हस्तसाल ग्रिड के चालू करने के प्रयास में तेजी लाई जाए और मटियाला ग्रिड की क्षमता में को 30 जून 2012 तक वृदि् की जाए।
- उत्तमनगर के दयालसर रोड के लिए अतिरिक्त पोल और मोबाइल ट्रांसफॉर्मर को स्टैंडबॉय में रखा जाये।
- दयालसर रोड के बिजली के लोड को सुचारु रुप से करने के लिए अतिरिक्त सबस्टेशन की व्यवस्था की जाए।
- उत्तमनगर के एम ब्लॉक में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था की जाए।
- शिकायतों के निवारण के लिए इन इलाकों के लिए अतिरिक्त मैन पावर व्यवस्था की जाए।
- इस बात पर सहमति बनी की अगर पावर कट् होने की स्थिति में कंजुयमर्स शिकायत केंद्र तक नहीं पहुंच पाते है तो उन्हें 24X 7 कार्यरत कॉल सेंटर नंबर 39999707 पर काल करना चाहिये।
- जिन इलाकों में सिस्टम की क्षमता में वृदि् की जरुरत है उन इलाकों में बीआरपीएल डीईआरसी से शीघ्र एप्रूवल लेकर कार्य को लगातार जारी रखे।

बीआरपीए के प्रवक्ता के अनुसार पिछले एक साल में कंपनी ने वेस्ट दिल्ली में 152 एमवीए की क्षमता को नेटवर्क से जोड़ा है। अगले दो महीनों में यानी 31 जुलाई 2013 तक बीआरपीएल वेस्ट दिल्ली की नेटवर्क क्षमता में 230. एमवीए को और जोड़ेगा।